पेज थ्री देहरादून
लॉकडाउन के दौरान बंद दुकानें।
देहरादून, मंगलवार 31 मार्च, 2020




# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### केन्द्र व राज्य सरकार के निर्देशों का करें पालन

**संवाददाता** देहरादून। कूर्मांचल सांस्कृतिक एवं कल्याण परिषद के केन्द्रीय अध्यक्ष कमल रजवार ने कहा है कि कोरोना वायरस से निपटने के लिए और ऐसी विषम स्थिति में सभी कूर्मांचल सांस्कृतिक एवं कल्याण परिषद शिवालिक रेंज, माजरा शाखा, केंद्रीय परिषद एवं उसके अधीन सभी शाखाएं अपने सभी सदस्यों व पदाधिकारियों की ओर से समस्त जनमानस से प्रधानमंत्री व राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर दिए गए निर्देशों का पूर्णतः से पालन करें। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस के बचाव के लिए अपने आपको अपने परिवार को अपने आस–पड़ोस अपने राज्य व अपने देश को स्वस्थ बनाने में सहयोग दें और आसपास के लोगों को भी इस वायरस के बारे में जागरूक करें कि केवल घरों में रहें तथा अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें।

### जरूरतमंदों को अब तक पांच हजार किलो राशन का वितरण

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस से बचाव के लिए जहां प्रदेश भर में लॉकडाउन है वहीं अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपाई लगातार घरों में काम करने वाली महिलाओं, जरूरतमंद मजदूरों, बुजुर्ग परिवारों को राशन वितरण कर रहे हैं। आज यमुना कालोनी वार्ड 33 के पूर्व पार्षद एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन गुप्ता ने कोविड 19 कोरोना वायरस के चलते हुए जरूरतमंद मजदूरी करने वाले, घरों में काम करने वाली महिलाओं, अकेले रह रहे बुजुर्ग परिवारों को अब तक पांच हजार किलो राशन का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राशन में आटा, दाल, चावल, नमक राशन वितरण में सोशल डिस्टेंस का विशेष ध्यान रखा जा रहा है सभी जन को दो–दो मीटर में बने गोल घेरे में खड़ा किया व बारी बारी से राशन दिया गया। सचिन गुप्ता ने बताया की वह रोज 150 टोकन ही बांट रहे हैं।

### फ्रांसिस ग्रुप ट्रस्ट ने घर–घर जाकर बांटी राशन सामग्री

**संवाददाता** देहरादून। लॉकडाउन के दौरान देहरादून जनपद के थाना पटेलनगर के तत्वावधान में चिह्नित जरूरतमंद लोगों की सूची के आधार पर आज फ्रांसिस ग्रुप सेवार्थ ट्रस्ट ने जरूरतमंद गरीब लोगों के परिवारों को घर–घर जाकर राशन सामग्री बाँटी। इस अवसर पर राशन सामग्री बटवाने में थाना पटेलनगर के पुलिसकर्मी मनीष चन्द व हुकुम सिंह नेगी ने ट्रस्ट का सहयोग किया। फ्रांसिस ग्रुप सेवार्थ ट्रस्ट के चेयरमैन सोनू फ्रांसिस ने कहा कि जब तक देहरादून में लॉकडाउन लगा हुआ है तब तक रोज ट्रस्ट के द्वारा राशन सामग्री गरीब जरूरतमंद लोगों के घरों में पहुंचाया जाएगा।

## लॉकडाउन का उल्लंघन करने वाले वाहनों का चालान, कई वाहन सीज

**संवाददाता** देहरादून। विश्वभर में फैले कोरोना वायरस के बचाव को लेकर किये गये उत्तराखंड लॉकडाउन के चलते आज राजधानी के विभिन्न स्थानों एसपी सिटी श्वेता चौबे ने लॉकडाउन का उल्लंघन करने वाले चौपहिया व दोपहिया वाहनों का चालान किया और कई वाहनों को सीज भी किया। इस अवसर पर बैंकों, एटीएमों, पेट्रोल पम्पों, मेडिकल स्टोरों, गैस सर्विस सेंटरों, किराना की दुकानों व सस्ते गल्ले की दुकानों में सामाजिक दूरियां लोगों में दिखाई दी और एक मीटर की दूरियों पर खड़े रहे, लेकिन कई स्थानों पर सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों व किराना की दुकानों में सामाजिक दूरी का उल्लंघन किया गया। एसपी सिटी श्वेता चौबे के साथ ही सीओ सिटी व चौकी प्रभारियों ने जरूरतमंद लोगों को राशन उपलब्ध कराये जाने का काम आज भी जारी रहा। उन्होंने राहगीरों व जरूरतमंद लोगों को खाद्य सामाग्री के साथ ही भोजन भी उपलब्ध कराया। वहीं दोपहर बाद सड़कों पर सन्नाटा पसर गया और लोग अपने–अपने घरों में वापस लौट गये। आज सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे तक की छूट के चलते लोग जरूरी सामान खरीदने के लिए लोग घरों से बाहर आये और जरूरी सामान व दवाईयां, फल व सब्जी आदि लेकर अपने घरों के लिए लौट गये। वहीं दूसरी ओर दुपहिया वाहनों पर दो सवारी बैठे होने पर एक सवारी को पुलिस ने उतार दिया और उन्हें पैदल ही घर जाने को कहा।

# निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम में ओपीडी खुली रहेगी

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की मुख्यमंत्री के साथ बैठक

कोरोना से बचाव में सरकारी व निजी अस्पतालों में समन्वय पर विचार विमर्श

सरकार निजी चिकित्सा संस्थानो को हर प्रकार की सहायता देगी

**बैठक**

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सोमवार को सीएम आवास में कोविड–19 कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के संबंध में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए राज्य सरकार हर सम्भव कोशिश कर रही है। इसमें प्राईवेट चिकित्सा संस्थानों का सहयोग बहुत जरूरी है। वर्तमान में दून अस्पताल, महंत इंद्रेश अस्पताल, एम्स ऋषिकेश व हिमालयन अस्पताल में कोविड–19 कोरोना के मरीजों के लिए बेड आरक्षित रखे गए हैं। यहां के चिकित्सकों को कोरोना के ईलाज मे नियुक्त किया गया है। इससे अन्य निजी अस्पतालों की जिम्मेदारी बढ गई है। इसलिए सभी निजी



अस्पताल और नर्सिंग होम अपने यहां ओपीडी खुली रखें। ताकि आमजन अन्य बिमारियों की दशा में अपना ईलाज सुगमता से करा सके। सरकार निजी चिकित्सा संस्थानो को हर प्रकार की सहायता देगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस–प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निजी अस्पतालों में ओपीडी की व्यवस्था सही रखने में सहयोग करें। मेडिकल एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि कोरोना से लड़ाई में सरकार का पूरा सहयोग किया जाएगा। यह लड़ाई केवल सरकार की नहीं पूरे देश और समाज की है।

बैठक में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री डॉ धनसिंह रावत, मुख्य सचिव श्री उत्पल कुमार सिंह, सचिव स्वास्थ्य श्री नितेश झा, एनएचएम के निदेशक युगल किशोर पंत, आईएमए के अध्यक्ष डॉ अजय खन्ना, सीएमआई के चेयरमैन डॉ आरके जैन, डॉ महेश कुडियाल, डॉ अरविंद ढाका, डॉ डीडी चौधरी, डॉ अजीत गैरोला, डॉ सिद्धार्थ, डॉ संजय गोयल, डॉ कृष्ण, डॉ प्रवीण मित्तल, डॉ शनवीर बामरा आदि उपस्थित थे।

# अब जिलों का दौरा करेंगे प्रभारी मंत्री

**तैयारी**

■ प्रभारी मंत्री व्यवस्थाओं का जायजा के साथ लोगों से जानकारी भी लेंगे तो बेहतर परिणाम आएंगे



देहरादून। **संवाददाता**

कोरोना वायरस की रोकथाम और इस पर प्रभावी नियंत्रण एवं अनुश्रवण के मद्देनजर सभी जिलों के प्रभारी मंत्री अब जिलों का दौरा करेंगे। इसका शेड्यूल भी तैयार हो गया है। 31 मार्च से प्रभारी मंत्री रोटेशन के तहत जिलों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ ही लोगों से फीडबैक लेंगे।

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने 27 मार्च को सभी मंत्रियों को जिलों का प्रभार सौंपने के आदेश जारी किए। कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक को देहरादून व ऊधमसिंहनगर, यशपाल आर्य को अल्मोड़ा व नैनीताल, सतपाल महाराज को हरिद्वार, सुबोध उनियाल को टिहरी व उत्तरकाशी, डॉ.हरक सिंह रावत को पौड़ी, अरविंद पांडेय को चंपावत व पिथौरागढ़, राज्यमंत्री डॉ.धन सिंह रावत को रुद्रप्रयाग व चमोली, रेखा आर्य को बागेश्वर जिले का प्रभार सौंपा गया।

इस बीच ये फीडबैक भी मिला कि यदि प्रभारी मंत्री जिलों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ ही लोगों से जानकारी लेंगे तो इसके बेहतर परिणाम आएंगे। इसे देखते हुए अब प्रभारी मंत्रियों के जिलों के दौरों का शेड्यूल निर्धारित किया गया है।

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. धन सिंह रावत ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सभी प्रभारी मंत्री अब जिलों का दौरा करेंगे। शेड्यूल इस तरह से तय किया गया है कि रोजाना कम से कम दो मंत्री जिलों के दौरे पर रहेंगे। सोमवार को कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक देहरादून जिले की बैठक ली, जबकि ऊधमसिंहनगर के जिलाधिकारी से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये जानकारी ली।

## निजी होम्योपैथिक चिकित्सकों ने भी बढ़ाया मदद का हाथ

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना के खिलाफ तमाम लोग एकजुट होने लगे हैं। सरकारी सिस्टम ही इसका मुकाबला नहीं कर रहा, बल्कि कई निजी संगठन व संस्थाएं भी आगे आई हैं। अब कोरोना को हराने के लिए निजी होम्योपैथिक चिकित्सक भी सरकार की मदद करेंगे। होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन उत्तराखंड ने इस बाबत मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। जिसमें कहा गया है कि निजी होम्योपैथिक चिकित्सक इस विषम परिस्थिति में सरकार के साथ खड़े हैं और कहीं भी निश्शुल्क सेवाएं देने के लिए तैयार हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. प्रणव ममगाई का कहना है कि प्रदेश में इस वक्त 600 से अधिक होम्योपैथिक चिकित्सक निजी प्रेक्टिस कर रहे हैं। इनमें से कई लोग दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों में भी काम कर रहे हैं। इस समय जब प्रदेशभर में लॉकडाउन है और कोरोना का खतरा लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में इन चिकित्सकों की भी बड़ी भूमिका हो सकती है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at http://app.page3news.co.in
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+


Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं०
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।